न्यायालय उपखण्ड अधिकारी मसूदा जिला–अजमेर (राज0)

राजस्व वाद संख्या 80 / 2018

1– प्रहलाद सिंह पुत्र श्री रणइन्द्रमहावीरसिंह उम्र बालिग
2– लाल सिंह पुत्र श्री रणइन्द्रमहावीरसिंह उम्र बालिग
3– प्रतापसिंह पुत्र श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग
4– नरेन्द्र कंवर पत्नि श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग
5– प्रतिभा कंवर पुत्री श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग
6– चित्रा कंवर पुत्री श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग
7– मनभर कंवर पुत्री श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग
8– रश्मि कंवर पुत्री श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग
9– तृप्ति कंवर पुत्री श्री चन्द्रभान सिंह उम्र बालिग

समस्त जाति राजपूत निवासीगण ग्राम नगर तहसील बिजयनगर जिला–अजमेर

———वादीगण

ब ना म

1– श्री सुरेन्द्र सिंह उर्फ मिठु सिंह पुत्र श्री रणइन्द्रमहावीरसिंह उम्र बालिग जाति राजपूत निवासी ग्राम नगर तहसील बिजयनगर जिला अजमेर (राज.)

2– राजस्थान सरकार बजरिये तहसीलदार महोदय, बिजयनगर

———प्रतिवादीगण

वाद पत्र अन्तर्गत धारा 53, 188 राजस्थान काश्तकारी अधिनियम

अंतिम निर्णय दिनांक

इस न्यायालय द्वारा दिनांक 28.06.2018 को निर्णय व प्रारंभिक डिक्री पारीत की गई। जिसके तहत तहसीलदार बिजयनगर ने डिक्री की अनुपालना में अपने पत्र कमांक भू. अ. / 2018 / 1568 दिनांक 13.07.2018 के साथ बंटवारा प्रस्ताव तैयार कर इस न्यायालय को भिजवाया गया।

मेरे द्वारा पत्रावली का अद्धोपान्त अवलोकन किया गया तथा प्रस्तुत बंटवारा प्रस्ताव स्वीकार योग्य होने से स्वीकार किया जाता है एवं बंटवारा प्रस्ताव अनुसार ग्राम नगर पटवार हल्का शिखरानी द्वितीय के खसरा संख्या 1469 / 63 रकबा 22–03–10 (3.5898 है.) किस्म बा.3 जिसे राजस्व नक्शा ट्रेस में बीच में दर्शाया गया है, को वादी संख्या 1 श्री प्रहलादसिंह पुत्र श्री रणइन्द्रमहावीरसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार के हिस्से में रखे जाने तथा खसरा संख्या 1470 / 63 रकबा 07–00–00 (1.1331 है.) किस्म बारानी 3 जिसे राजस्व नक्शा ट्रेस में दक्षिण की ओर दर्शाया गया है, को वादी संख्या 2 श्री लालसिंह पुत्र श्री रणइन्द्रमहावीरसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार के हिस्से में रखे जाने तथा खसरा संख्या 1467 / 63 रकबा 08–11–15 (1.3901 है.) किस्म बारानी 3 जिसे राजस्व नक्शा में उत्तर दिशा के अंतिम छोर पर दर्शाया गया है, को वादी संख्या 3 लगायत 9 नरेन्द्र कंवर पत्नि श्री चन्द्रभान सिंह, प्रतापसिंह पुत्र चन्द्रभानसिंह, प्रतिभाकंवर चित्राकंवर मनभरकंवर रश्मिकंवर तृप्तिकंवर पुत्रियां चन्द्रभानसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार के हिस्से में रखे जाने तथा खसरा संख्या 1471 / 63 रकबा 07–00–00 (1.1331 है.) व ख.सं. 1468 / 63 रकबा 05–11–15(0.9032 है.) किस्म बारानी 3 जिसे राजस्व नक्शा ट्रेस में क्रमशः दक्षिण दिशा के अंतिम छोर पर तथा उत्तर दिशा में दर्शाया गया है, को प्रतिवादी संख्या 1 श्री सुरेन्द्रसिंह उर्फ मिठुसिंह पुत्र श्री रणइन्द्रमहावीरसिंह कौम राजपूत सा. देह खातेदार के हिस्से में रखे जाने के आदेश पारित किये जाते हैं। तहसीलदार बिजयनगर को यथानुसार राजस्व रेकार्ड में पृथक पृथक खाते कायम कर एवं लगान कायम कर तथा राजस्व नक्शे में यथानुसार तरमीम किये जाने के आदेश दिये जाते है। खर्चा पक्षकारान अपना अपना वहन करें। तदनुसार अंतिम डिक्री पर्चा जारी हो।

निर्णय आज दिनांक 18.7.2018 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(सुरेश चावला)
आर0ए0एस0
उपखण्ड अधिकारी मसूदा

Signature Not Verified
Digitally signed by Mohan Lal Khatnawalia
Date: 2019.12.03 12:37:23 IST
Reason: SelfAttested